## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रहार के विरोध में 24 को नक्सली करेंगे प्रदर्शन

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित इलाकों में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार से नक्सली बौखलाए हुए हैं। पुलिस और फोर्स के बढ़ते दबाव में नक्सलियों का आधार क्षेत्र सिकुड़ता जा रहा है। जिसके कारण नक्सली इन दिनों ऑपरेशन प्रहार का अपने प्रभाव वाले इलाके में प्रदर्शन करेंगे। नक्सलियों के सेंट्रल कमेटी ने प्रवक्ता अभय द्वारा इस पर्चे में इसकी जानकारी दी गई है। दो पन्ने के इस पर्चे में किसान आंदोलन के पक्ष में उन्होंने बात कही है। पीएम मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ भी उन्होंने बयानबाजी करते हुए प्रहार का विरोध किया है। पर्चे में लिखा है कि ऑपरेशन प्रहार जन आंदोलन को कुचलने का एक जरिया है।

### प्लेसमेंट कैप में 50 फिल्ड ऑफिसरों की होगी भर्ती

**कांकेर (आरएनएस)।** जिला रोजगार कार्यालय परिसर कांकेर में आजादी का अमृत महोत्सव 75वें वर्षगाठ के अवसर पर एक दिवसीय प्लेसमेंट कैप का आयोजन 17 नवंबर को प्रातः 11 बजे से किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी बीआर ठाकुर ने जानकारी दी है कि निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा फिल्ड ऑफिसर के 50 रिक्त पद पर भर्ती किया जायेगा, जिसका शैक्षणिक योग्यता 12वी उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। जिले के इच्छुक आवेदक प्लेसमेंट कैंप में बायोडाटा के साथ उपस्थित होकर कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए आवेदन पत्र जमा करते हैं, प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर नियोक्ता द्वारा प्राथमिक चयन एवं साक्षात्कार लिया जायेगा, यह पद केवल पुरूष अभ्यर्थियों के लिए ही है।

### महिला के गले से सोने का चैन लूटकर भागा, मामला दर्ज

**बिलासपुर (आरएनएस)।** बाइकर्स गैंग का आतंक थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। नकाबपोश लुटेरे ने 10 नवंबर की देर शाम फिर एक महिला के गले से सोने की चेन लूट लिया। महिला ऑटो में सवार होकर अपने घर लौट रही थी। घर के पास गली में उतरते ही लुटेरा अचानक आया और वारदात को अंजाम देकर रफूचक्कर हो गया। लगातार हो रही चेन स्नेचिंग के बाद भी पुलिस सुस्त है। गैंग ने इस बार तोरवा क्षेत्र के देवरीखुर्द में वारदात को अंजाम दिया है। अमरावती निवासी कल्याणी राव गृहणी हैं। उनके पति तिरूमल राव शिक्षक हैं। वह दिवाली पर्व मनाने अपने मायके देवरीखुर्द आई थी। कल्याणी 10 नवंबर शाम करीब 6.30 बजे तोरवा स्थित पावर हाउस के पास आई थीं। मां की साड़ी लेने के बाद ऑटो से घर लौटीं और उतर कर गली तरफ जा रही थी। इसी बीच अचानक बाइक सवार युवक आया और उनके गले से दो तोला वजनी करीब 90 हजार रुपए कीमती सोने की चेन लूट कर भाग गया। कल्याणी जिस ऑटो में बैठकर आई थी। उसी में सवार होकर लुटेरे का पीछा करते हुए मेन रोड तक गई, लेकिन वह दूर भाग चुका था।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** वनांचल के लेमरू थानांतर्गत ग्राम साखो निवासी एक महिला की सर्पदंश से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाये जाने से पहले ही बीच रास्ते में ही मौत हो गई। जिसकी पुष्टि जिला अस्पताल के परीक्षणकर्ता चिकित्सक द्वारा की गई है। जानकारी के अनुसार लेमरू थानांतर्गत ग्राम साखो निवासी सोनकुंवर बाई उम्र 45 पति बरातू राम को कल शाम को जहरीले सर्प ने दंश लिया। जिसे प्राथमिक उपचार के लिए लेमरू पीएचसी ले जाया गया। वहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल चिकित्सक ने रेफर कर दिया। यहां जिला अस्पताल महिला को रात्रि 9.40 बजे के लगभग लाया गया। जहां उसे देखते ही चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

# लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए रायगढ़ तहसील के गांवों में आज से लगेंगे शिविर

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह के निर्देश पर रनामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, फौती, खाता, दुरूस्तीकरण, बंदोबस्त त्रुटि सुधार संबंधी प्रकरणों के निराकरण तथा राजस्व अभिलेख अद्यतन करने के लिए रायगढ़ तहसील में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें रायगढ़ तहसील के समस्त 155 ग्रामों में पटवारी हल्कावार पटवारियों का राजस्व शिविर का रोस्टरवाईज ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें उनके हल्के प्रभार क्षेत्रान्तर्गत आने वाले प्रकरणों का शिविर लगाकर निराकरण किया जाएगा।

**इन ग्रामों में इस दिनांक को लगेंगे शिविर** - ग्राम-कोड़तराई में 12, 19 एवं 26 नवम्बर को शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तरह ग्राम-कुशवाबहरी में 14, 20 एवं 27 नवम्बर को, ग्राम-केराझर में 16, 21 एवं 28 नवम्बर को तथा ग्राम-गढ़कुर्री में 18, 22 एवं 29 नवम्बर 2021 को शिविर का आयोजन होगा। उक्त सभी ग्रामों के लिए पटवारी हिमांशु वर्मा की ड्यूटी लगाई गई है।

ग्राम-परसदा में 12, 23 एवं 29 नवम्बर, ग्राम-मुरालीपाली में 13 व 24 नवम्बर तथा 1 दिसम्बर, ग्राम-डोंगाढकेल में 15, 25 एवं 26 नवम्बर को, ग्राम-पंडरीपानी प. में 17, 19 एवं 27 नवम्बर को शिविर आयोजित होंगे। जिसमें पटवारी अशोक कुमार पटेल उपस्थित रहेंगे।

ग्राम-कांशीचुआं में 13, 20 एवं 28 नवम्बर, ग्राम-डोंगीतराई में 15, 21 एवं 29 नवम्बर एवं हरदीझरिया में 16, 22 एवं 30 नवम्बर को शिविर होंगे। जिसमें जिसमें पटवारी भरत सिंह ठाकुर उपस्थित रहेंगे। ग्राम-कछार में 12 व 23 नवम्बर तथा 1 दिसम्बर को, ग्राम-लेबड़ा में 14, 24 एवं 26 नवम्बर को, ग्राम-चारभांठा में 16, 25 एवं 27 नवम्बर को शिविर होंगे। जिसमें कु.बाली चौहान की ड्यूटी लगाई गई है। ग्राम-डूमरपाली में 13, 19 एवं 28 नवम्बर को, ग्राम-बनहर में 15, 20 एवं 29 नवम्बर को तथा देवरी में 17, 21 एवं 30 नवम्बर को शिविर होगा। ग्राम-कोकड़ीतराई में 18 एवं 22 नवम्बर तथा 1 दिसम्बर को शिविर आयोजित होगी। जिसमें श्रीमती ममता यादव उपस्थित रहेंगी। ग्राम-गेजामुड़ा में 12, 23 एवं 26 नवम्बर, ग्राम-रामपुर छोटे में 13, 24 एवं 27 नवम्बर को एवं ग्राम-कोसमपाली में 15, 25 एवं 28 नवम्बर को शिविर होगी। जिसमें पटवारी श्रीमती चनिता इजारदार उपस्थित रहेंगी। ग्राम-जोरापाली में 13, 19 एवं 29 नवम्बर को, ग्राम-कोसमनारा में 15, 20 एवं 30 नवम्बर को तथा ग्राम-कलमी में 17 एवं 21 नवम्बर एवं 1 दिसम्बर को शिविर होगी। जिसमें पटवारी अनिल राम उपस्थित रहेंगे। ग्राम-सांगीतराई में 18, 23 एवं 26 नवम्बर को शिविर के लिए पटवारी रूचि ठाकुर, ग्राम-धनागर में 12, 24 एवं 27 नवम्बर, ग्राम-ननसिया में 14, 25 एवं 28 नवम्बर, ग्राम-केनापाली में 16, 26 एवं 29 नवम्बर, ग्राम-छुहीपाली में 18, 19 एवं 30 नवम्बर के शिविर के लिए पटवारी सुभांसू सिंह, ग्राम-जामपाली में 12 एवं 20 नवम्बर तथा 1 दिसम्बर, ग्राम-बघनपुर में 14, 21 एवं 26 नवम्बर को, ग्राम-उसरौट में 16, 22 एवं 27 नवम्बर को शिविर के लिए पटवारी राजेश कुमार नायक, ग्राम-बायंग में 12, 23 एवं 28 नवम्बर, ग्राम-पनझर में 14, 24 एवं 29 नवम्बर को एवं रानीगुड़ा में 15, 25 एवं 30 नवम्बर को शिविर के लिए पटवारी चंद्रेशखर सिंह ठाकुर, ग्राम-नंदेली में 12 व 26 नवम्बर तथा 1 दिसम्बर को, ग्राम-बैसपाली में 14, 19 एवं 26 नवम्बर को तथा ग्राम-सरडामाल में 15, 20 एवं 27 नवम्बर, ग्राम-बोकरामुड़ा में 16, 21 एवं 28 नवम्बर को शिविर के लिए पटवारी प्रशांत ओहदार, ग्राम-बरपाली में 12, 22 एवं 29 नवम्बर को, ग्राम-मौहापाली में 13, 23 एवं 30 नवम्बर, ग्राम-अरसीपाली में 15 व 24 नवम्बर तथा 01 दिसम्बर, ग्राम-नवापारा में 17, 25 एवं 26 नवम्बर को, ग्राम-जुनवानी में 18, 26 एवं 27 नवम्बर को शिविर के लिए पटवारी भरत सिंह ठाकुर, ग्राम-नवागांव में 12, 19 एवं 28 नवम्बर, ग्राम-कुलबा में 14, 20 एवं 29 नवम्बर, ग्राम-सरवानी में 16, 21 एवं 30 नवम्बर एवं लिटाईपाली में 18 व 22 नवम्बर तथा 01 दिसम्बर को शिविर के लिए पटवारी जागेश्वर सिंह राठिया, ग्राम-कांटाहरदी में 12, 23 एवं 26 नवम्बर को, ग्राम-सहसपुरी में 13, 24 एवं 27 नवम्बर को, ग्राम-बरदापुटी में 14, 25 एवं 28 नवम्बर को, सहित अन्य कई शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

## कंपनी का 27 लाख रुपये लेकर अधिकारी भागा, मामला दर्ज

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** फ्लिपकार्ट के दंतेवाड़ा के कर्मचारी कांति कुमार सिंह 32वर्ष ने पुलिस को बताया कि दुर्ग जिले के रहने वाले देवेंद्र निषाद की पोस्टिंग कुछ माह पूर्व कंपनी ने दंतेवाड़ा हब में की थी। उनका काम समय पर पैसों का हिसाब कर कंपनी के खाते में डलवाना था। ग्राहकों तक सामानों की डिलीवरी करने के लिए लोकल लड़कों को लगाया गया था, जिन्होंने अलग-अलग जगहों पर सामानों की डिलीवरी कर ग्राहकों से लगभग 27 लाख 23 हजार 804 रुपए पैसा वसूल कर देवेंद्र को दिए थे। इसे देवेंद्र ने कंपनी के खाते में जमा नहीं किया और सारे पैसे लेकर भाग निकला। मामले की जानकारी लगते ही कंपनी के अन्य कर्मचारियों ने इसकी शिकायत पुलिस थाना में की। मामला दंतेवाड़ा सिटी कोतवाली क्षेत्र का है।

कुछ दिनों तक जब कंपनी के खाते में राशि जमा नहीं हुई तो एरिया मैनेजर अनीश चौबे ने कर्मचारियों को मेल कर पैसों की जानकारी मांगी थी। उन्हें भनक लग गई थी कि देवेंद्र ने पैसे का गबन किया है। एरिया मैनेजर ने पहले देवेंद्र को फोन कर पैसे जमा करने को कहा। देवेंद्र ने पैसे न देने की बात कही और कहा कि मेरे पास से सारे पैसे खर्च हो गए हैं। इसके बाद उन्होंने अन्य लोगों को फोन कर पैसे गबन करने वाले मामले की जानकारी दी। एरिया मैनेजर से बात होने के बाद ही देवेंद्र फरार हो गया। उसने अपना फोन भी बंद कर दिया है। यह पूरा मामला 2 दिन पहले का है।

## बोरतलाव के बुढ़ानछापर जंगल से नक्सलियों का डम्प हुआ बरामद

**राजनांदगांव (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में चलाया जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के मद्देनजर आज अर्धसैनिक बल तथा पुलिस बल के जवानों को नक्सल गतिविधियों में अंकुश लगाने में सुरक्षा बलों को सफलता प्राप्त हुई है, जो निरंतर जारी है

इस कड़ी में आज जिला राजनांदगांव में नक्सल अभियान के तहत पुलिस थाना बोरतलाव अंतर्गत संचालित एक विशेष अभियान पर मुखबीर द्वारा प्राप्त स्थानीय सूचना पर थाना प्रभारी बोरतलाव निरीक्षक अब्दुल समीर, सहायक सेनानी अजय सिंह आईटीबीपी बोरतलाव के नेतृत्व में संयुक्त पुलिस बल को सर्चिंग अभियान के दौरान ग्राम बुढानछापर के करीब जंगल पहाड़ी में एक नक्सल डम्प बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता मिली, उक्त डम्प में एक नीले रंग के प्लास्टिक ड्रम में अंदर नक्सलियों द्वारा छुपाकर रखे हुए हथियार, मेडिसीन, नक्सल साहित्य, नक्सल पाम्प्लेट, सोलर प्लेट, केबल वायर, इलेक्ट्रिक वायर, इलेक्ट्रिक स्वीच, बैट्री, पुराने कपड़े, एक नग टार्च, पॉलीथीन, लोहे का प्लेट व ड्रील मशीन के

कलपुर्जे, नक्सली बेनर, नक्सल दैनिक उपयोगी सामग्री मिला, जिसकी बारीकी से तस्दीकी पर छुपाये हुए हथियार में एक नग 12 बोर का देशी कट्टा, 03 नग 315 बोर का देशी कट्टा होना पाया गया, जिसका उपयोग नक्सलियों द्वारा स्माल एक्शन टीम के माध्यम से सुरक्षा बलो को घात लगाकर नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा सकता था, जिसे समय रहते बरामद करने में संयुक्त पुलिस बल को सफलता प्राप्त हुई।

इस सफलता के लिये पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज ओ. पी. पाल, उप पुलिस महानिरीक्षक आईटीबीपी ओ. पी. यादव, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव डी0श्रवण, आईटीबीपी 38 वाहिनी के कमाण्डेड श्रीपाल द्वारा संयुक्त पुलिस टीम की सराहना की गई है।

## गुलाब की खेती से चित्रा सिंह ने कमाए 8 लाख, 12 ग्रामीणों को मिला रोजगार

### » दुर्ग जिले के उमरपोटी गांव की चित्रा सिंह ने अपनी जमीन

**रायपुर (आरएनएस)।** दुर्ग जिले के उमरपोटी गांव की श्रीमती चित्रा सिंह ने अपनी जमीन पर गुलाब की खेती कर उसे सोना उगलने पर मजबूर कर दिया। आज वह फूलों की खेती से अच्छी आय अर्जित करने के साथ ही गांव के 12 लोगों को रोजगार दे रही हैं, जिसमें 10 महिलाएं और 2 पुरुष शामिल हैं। उनका कहना है कि अपने स्व-रोजगार के साथ उन्होंने दूसरों को जो रोजगार दिया है, वह उनके जीवन को बहुत ही संतुष्टि देता है।

वेडिंग प्लानर को भी सप्लाई कर रही है गुलाब का फूल-श्रीमती चित्रा ने बताया कि उनके द्वारा उच्च गुणवत्ता वाले खिले हुए

गुलाबों का उत्पादन किया जाता है जो कि डेकोरेशन में सबसे ज्यादा उपयोग में लाए जाते हैं। उनके गुलाब के क्वालिटी से प्रभावित होकर कई वेडिंग प्लानरों ने उनसे डेकोरेशन के लिए गुलाब लिया है। वो भिलाई के सेक्टर-6, दुर्ग और राजनांदगांव में भी अपने फूलों की सप्लाई करती हैं।

पर गुलाब की खेती कर उसे सोना उगलने पर मजबूर कर दिया। आज वह फूलों की खेती से अच्छी आय अर्जित करने के साथ ही गांव के 12 लोगों को रोजगार दे रही हैं, जिसमें 10 महिलाएं और 2 पुरुष शामिल हैं। उनका कहना है कि अपने स्व-रोजगार के साथ उन्होंने दूसरों को जो रोजगार दिया है, वह उनके जीवन को बहुत ही संतुष्टि देता है।

गुलाब की खेती की आय से बेटी को डॉक्टर की पढ़ाई में मदद - श्रीमती चित्रा हमेशा चाहती थी कि वो अपनी बेटी के भविष्य निर्माण में अपना योगदान दें। फूलों के इस व्यवसाय से आज उनका यह सपना भी पूरा हो गया। उन्होंने जैसे ही गुलाब की खेती शुरू की ठीक उसके बाद उनकी बेटी का सिलेक्शन एमबीबीएस के लिए शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज में हो गया। आज उनकी बेटी ने एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर ली है और वर्तमान में उनका इंटरशिप चल रहा है।

श्रीमती चित्रा सिंह ने बताया कि शादी के पश्चात हाउस वाइफ के रूप में वह अपना जीवन जी रहीं थी। घर का काम करने के बाद उनका समय व्यतीत नहीं होता था, जिससे उनके मन में घर के कार्य के साथ-साथ प्रकृति के साथ जुड़कर कुछ कार्य करने का विचार आया। बचपन से ही उन्हें बागवानी का बड़ा शौक था। जिसे ध्यान में रखकर उन्होनें उमरपोटी में उनकी खाली पड़ी जमीन पर खेती का विचार किया। इसके लिए उन्होंने उद्यानिकी विभाग से संपर्क किया। जहां विभाग के द्वारा उन्हें पॉली हाउस में गुलाब की खेती करने की सलाह दी गई। इसके लिए उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक भिलाई से लोन लिया और उद्यानिकी विभाग द्वारा पाली हाउस बनवाने एवं गुलाब की खेती के लिए अनुदान प्राप्त किया।

## फोरलेन गार्डन का लोकार्पण करेंगे राजस्व मंत्री आज

**कोरबा (आरएनएस)।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल 12 नवम्बर शुक्रवार को कोरबा-दर्री फोरलेन सड़क मार्ग पर कोहड़िया के समीप नवनिर्मित भव्य व आकर्षक गार्डन का लोकार्पण कर उसे आमजन के उपयोग हेतु सौपेंगे। लोकार्पण कार्यक्रम शाम 06 बजे उक्त गार्डन में रखा गया है।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोरबा-दर्री मुख्य मार्ग फोरलेन पर कोहड़िया के समीप भव्य व आकर्षक गार्डन का निर्माण कराया गया है। उक्त नवनिर्मित गार्डन का लोकार्पण 12 नवम्बर शुक्रवार को राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में उनके करकमलों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर राजकिशोर प्रसाद द्वारा की जाएगी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षद व एल्डरमेनगण अपनी उपस्थिति देंगे।

## सड़कों के किनारे घूमते देखे जा रहे हैं तेंदुए, लोग दहशत में

**नगरी (आरएनएस)।** वन विभाग द्वारा पूर्व में लगाए गए पिंजरे में भले ही तीन तेंदुआ पकड़ में आ गया हो । लेकिन इलाके में तेंदुओं की मौजूदगी ने अब भी लोगों के अंदर खौफपैदा कर रखा है। लहाजा शाम के बाद लोगों का घर से बाहर निकलना खतरे से खाली नही है क्षेत्र में तेंदुओं की संख्या कितनी ये बता पाना मुश्किल ह । लेकिन क्षेत्र में आये दिन तेंदुआ अलग - अलग जगहों पर दिखाई दे रहे है।

बीते रात 10 बजे सेमरा से बिड़गुड़ी के बीच रास्ते में सारेराह तेंदुआ को देखा गया जो सड़क पार कर ठाठ से चल रहा था जिसे लोगों ने कैमरे में कैद कर लिया वहीँ स्थानीय लोगों की माने तो लक्ष्मी पूजा की रात सिहावा के गणेशघाट में दो तेंदुआ देखा गया था उसी रात के तड़के सुबह 5 बजे सिहावा पहाड़ी के नीचे बाउंड्री क्रॉस कर एक घर के बरामदे में घुसकर पानी पी रहा था घर के अंदर मौजूद लोगों की शोरगुल सुनकर तेंदुआ वापस पहाड़ी की ओर भाग गया।

**तेंदुआ के हमले से अब तक तीन बच्चों की गयी जान**- तेंदुआ के हमले से इलाके में अब तक तीन बच्चों की जान जा चुकी है जिसके बाद वन विभाग के खिलाफ लोगों भयानक आक्रोश देखा गया था... और सिहावा के बस स्टैंड में लोगों ने ने वन विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चक्काजाम कर दिया था। तब कहीं जाकर आनन - फानन में वन विभाग ने अलग - अलग स्थान पर चार पिंजरा लगाए थे। जिसमें दो तेंदुआ कैद भी हुआ जिसे टाइगर रिजर्व इलाके में छोड़ा दिया गया।

**टाइगर रिजर्व क्षेत्र के लोगों में दहशत**- पूर्व में पकड़ाए गए दो तेंदुआ को टाइगर रिजर्व के अरसीकन्हार रेन्ज में छोड़ा गया था। जिसके बाद वनांचल इलाके में भी तेंदुए की धमक लगातार देखी जा रही है। संदबाहरा और बोइरगाँव के लोगों ने बताया कि शाम होने के बाद आये दिन गाँव में तेंदुआ घुस जाता है जिससे शाम के बाद लोग घर से बाहर नहीं निकलते है।

**वन विभाग के खिलाफ लोगों में जमकर नाराजगी**- इधर तेंदुआ के आतंक से लोग काफी डरे सहमे है तो उधर वन विभाग की मनमानी से लोग काफी नाराज भी है क्योंकि बीते दिनों जब तेंदुआ पकड़ में आया था तो लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पीसीसी उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अम्बिका मरकाम और पूर्व विधायक श्रवण मरकाम सहित लोगों ने तेंदुआ को जंगल सफारी में छोड़ने की मांग की गई गयी थी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसमूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता फैला करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूल निवासियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## नवा छत्तीसगढ़ के 36 माह : विकास की डगर वनांचल के अंतिम छोर तक

### » रानी अटारी से पसान-पिपरिया सड़क बनने से अंतर्जिला आवागमन हुआ आसान

### » लगभग 10 बसाहटों के पांच हजार से अधिक लोग हो रहें लाभान्वित

### » नैनो टेक्नोलॉजी और प्लास्टिक वेस्ट से बनी मॉडर्न सड़क

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन द्वारा पिछले 36 माह से जिले में बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। शासन के गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करते हुए कोरबा जिले में भी विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं। जिले में लोगों के आवागमन के साधन को लगातार बेहतर करते हुए सड़कों का निर्माण करके जिले के दूरस्थ वनांचल को मुख्य धारा में जोड़ा जा रहा है। इसी कड़ी में रानी अटारी से पसान-पिपरिया तक सात किलोमीटर लंबाई की सड़क का उन्नयन कार्य मॉडर्न टेक्नोलॉजी का उपयोग करके किया गया है। रानी अटारी से पिपरिया तक के रहवासियों की गिट्टीयुक्त पुराने सड़क में चलने की मजबूरी अब खत्म हो गई है। रानी अटारी से पसान-पिपरिया सड़क का उन्नयन कर नई सड़क के रूप में किया गया है। नई सड़क बन जाने से रानी अटारी से पसान-पिपरिया मार्ग के लगभग 10 गांवो के पांच हजार से अधिक लोगों को बारहमासी आवागमन की सुविधा मिल रही है। इस सड़क के बन जाने से लोगों को कोरबा से कोरिया-बैकुण्ठपुर आने-जाने की सुविधा भी हो रही है। यह सड़क डब्ल्यूबीएम और जगह-जगह जीर्ण-शीर्ण और गढ्ढ़ों से भरी थी। लोगों को आवागमन में काफी तकलीफे उठानी पड़ती थी।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा इसी मार्ग के महत्व को देखते हुए उन्नयन प्रस्ताव में सम्मिलित किया गया। राज्य शासन द्वारा सात किलोमीटर लंबाई की इस महत्वपूर्ण सड़क के उन्नयन के लिए तीन करोड़ 87 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। इस सड़क के उन्नयन कार्य के पूरा हो जाने से रानी अटारी से पसान का सीधा संपर्क स्थापित हो गया है। सड़क के बन जाने से कोरबा जिले के दो दूरस्थ छोर आपस में जुड़ गए हैं। सड़क निर्माण से दोनो छोर के गांवों सेन्हा, पसान, रानी अटारी, कुम्हारीदरी, तेलईकुण्डी आदि के निवासियों को दिन-रात आवागमन की सुविधा मिल रही है। नवीन सड़क के आसपास रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं, नवीन रोजगार सृजन, स्थानीय बाजारों के विकास आदि का लाभ मिल रहा है। सड़क बनने से पसान से दूरस्थ वनांचल गांव के जुड़ जाने से ग्रामीणों को अपनी फसलों की खरीदी-बिक्री के लिए बेहतर बाजार मिल पा रहा है। आने जाने में आसानी होने से किसानों को अपने फसलों का समुचित मूल्य बेहतर बाजार के माध्यम से मिल पा रहा है।